# आइआइटी कॉन्वोकेशन 19 को, पिरामल ग्रुप चेयरमैन अजय पिरामल को मिलेगी मानद उपाधि

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ इंदौर. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर का छठा कॉन्वोकेशन 19 नवंबर को होगा। इसमें पिरामल ग्रुप के चेयरमैन अजय जी पिरामल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। अजय पिरामल मुकेश अंबानी के समधी हैं। अंबानी की बेटी इशा ने हाल में ही आनंद पिरामल से सगाई की है। आइआइटी परिसर में दोपहर 2.30 बजे से 5.30 बजे तक होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि पद्म भूषण प्रोफेसर मदबुसी संतानम रघुनाथन रहेंगे। वे फेलो ऑफ द रॉयल सोसाइटी, फेलो ऑफ द अमरीकन मैथेमेटिकल सोसायटी और फेलो ऑफ द थर्ड वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसेस हैं। आइआइटी डायरेक्टर प्रोफेसर प्रदीप माथुर समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसमें कॉलेज के टॉप स्टूडेंट्स को अवॉर्ड ऑफ मेडल दिए जाएंगे। इसके लिए फुल ड्रेस रिहर्सल 18 नवंबर को होगी।



अजय पिरामल



प्रो. मदबुसी संतानम रघुनाथन

## 246 स्टूडेंट्स को मिलेंगे अवॉर्ड

कॉन्वोकेशन सेरेमनी में विभिन्न कोर्स व स्ट्रीम के 246 स्टूडेंट्स को अवॉर्ड मिलेंगी। इसमें बीटेक के 112, एमएससी के 41 व एमटेक के 26 और 67 पीएचडी स्टूडेंट्स को अवॉर्ड मिलेगा। इस साल कॉन्वोकेशन सेरेमनी इसलिए भी खास है, क्योंकि आइआइटी इंदौर ने हाल ही में टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में अपना खाता खोला है। वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज के बीच आइआइटी इंदौर को 351-400 बैंड के बीच रखा गया है।

## ये स्टूडेंट्स होंगे सम्मानित

**प्रेसीडेंट गोल्ड मेडल** वेदांत अग्रवाल।

**इंस्टिट्यूट सिल्वर मेडल** वरुण जोगलेकर, कार्तिकेय सिंह, आदित्य कन्हैया, एकता यादव, रमेश बालाजी।

**बेस्ट बीटेक प्रोजेक्ट** अभिषेक कुमार, इशान मेशराम, रोहन राठौर।

## आइआइएम आइरिस आज से

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



इंदौर ◆ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आइआइएम) इंदौर के सबसे बड़े मैनेजमेंट और कल्चरल फेस्ट आइरिस का आयोजन 16 से 18 नवंबर तक होगा। इसमें देशभर के प्रमुख मैनेजमेंट कॉलेज के स्टूडेंट्स हिस्सा लेंगे। पहले दिन सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील सीएस वैद्यनाथन मुख्य अतिथि रहेंगे। इसके अलावा रोबोटिक इनोवेटर दिवाकर वैश, एमटीवी लव स्कूल फैम मोहित दुसेजा, मिस इंडिया यूनिवर्स सेकंड रनरअप नवेली देशमुख शामिल होंगी। अश्वमेध, क्लूलेस, मैनेजमेंट स्टूडियो, द्रोण, लावण्या, वॉइस ऑफ इंदौर, लास्या, प्रतिबिम्ब आदि इवेंट्स होंगे। तीन दिनों तक शाम को म्यूजिकल परफॉर्मेंस भी रहेंगी। इसमें आखिरी दिन लोकल ट्रेन बैंड परफॉर्म करेगा।

Patrika (Indore), 16th November 2018, Patrika Plus, Page-15